# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची

# Indian Institute of Information Technology Ranchi

(An Institute of National Importance under MoE, Govt. of India)

**Ranchi, Jharkhand, India**

## 3rd Convocation Ceremony of IIIT Ranchi

### ट्रिपल आइटी रांची के दीक्षांत समारोह में 370 बीटेक विद्यार्थियों को मिली उपाधि

# नवाचार, नैतिकता और मानवता के मूल्यों के साथ प्रौद्योगिकी का करें इस्तेमाल : सेठ

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आइटी) रांची का दीक्षांत समारोह सोमवार को मनाया गया. समारोह झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर, नामकुम में हुआ. इस दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को उपाधियां दी गयीं. मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया. दीक्षांत समारोह में 370 बीटेक विद्यार्थियों को उपाधियां दी गयीं. मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि दीक्षांत समारोह सिर्फ शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए आजीवन प्रतिबद्धता की शुरुआत है. उन्होंने युवाओं से निडर नवाचार, नैतिकता और मानवता के मूल्यों के साथ प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया.

**शिक्षा के वास्तविक मूल्यों पर जोर :** विशिष्ट अतिथि आइआइटी पटना के निदेशक प्रो टीएन सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक मूल्य सैद्धांतिक ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक समस्याओं के समाधान में उसके प्रयोग में निहित है. विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया.

117 विद्यार्थियों को दिया गया शील्ड दीक्षांत समारोह में बीटेक (2020-2024) व (2021-2025) बैच के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक, सर्वश्रेष्ठ छात्रा पदक के अलावा सर्वश्रेष्ठ छात्र शील्ड भी दिया गया. इसमें बीटेक (2020-2024) बैच में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसइ) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (इसीइ) शाखाओं के कुल 117 विद्यार्थी शामिल थे. वहीं बीटेक (2021-2025) बैच में सीएसइ, (डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इसीइ व इसीइ (एम्बेडेड सिस्टम्स एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स) शाखाओं के 239 विद्यार्थी शामिल थे.



झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथियों के साथ सम्मानित बीटेक के विद्यार्थी.

### पीएचडी के सात शोधार्थियों को मिली उपाधि

एमटेक (2022-24-23-25) सत्र के सात विद्यार्थियों व सात पीएचडी शोधार्थियों को भी उपाधियां दी गयीं. दीक्षांत समारोह की शैक्षणिक शोभायात्रा का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त) और ट्रिपल आइटी के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने किया.




दीक्षांत समारोह में छात्रा को सम्मानित करते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और कुलपति.

Tuesday, December 30, 2025
Ranchi-City
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/69535cccc87b0859318daf5b

**Prabhat Khabar: 30 December, 2025**

## 3rd Convocation Ceremony of IIIT Ranchi


रांची मंगलवार 30 दिसंबर, 2025

सिटी भास्कर

04


CONVOCATION — ट्रिपल आईटी के तीसरे दीक्षांत समारोह में दो बैच के 370 छात्रों को मिली डिग्री

# 8 को गोल्ड, 5 को सिल्वर, 4 को सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्रा पदक, 2 को इंस्टीट्यूट मेडल मिले

सिटी रिपोर्टर • रांची

ट्रिपल आईटी रांची का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को नामकुम जेयूटी परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्थान के दो बैच के 370 स्नातक, स्नातकोत्तर व शोध कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसमें बीटेक 2020-2024 व 2021-2025 बैच के 8 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 5 को रजत पदक, 2 को सर्वश्रेष्ठ छात्रा पदक, 2 को सर्वश्रेष्ठ छात्र शील्ड और 2 को इंस्टीट्यूट मेडल सहित 19 छात्रों को मेडल प्रदान किया गया। समारोह में बीटेक 2020-2024 बैच में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रांच के कुल 117 विद्यार्थी शामिल थे। वहीं बीटेक 2021-2025 बैच में डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एम्बेडेड सिस्टम्स व इंटरनेट ऑफ थिंग्स ब्रांच के 239 विद्यार्थी शामिल थे। इसके अलावा एमटेक (2022-2024 एवं 2023-2025) सत्र के 7 विद्यार्थियों तथा 7 पीएचडी शोधार्थियों को भी उपाधि प्रदान की गई।



छात्रा को उपाधि देते मंत्री संजय सेठ व अन्य।

### विनम्र बनें, राष्ट्र निर्माण के भाव को जागृत करें: संजय सेठ

मुख्य अतिथि के तौर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप यहां से डिग्री लेकर जा रहे हैं, समाज को कैसे गढ़ेंगे यह आपकी शिक्षा पर निर्भर करता है। उन्होंने छात्रों को विनम्र बनने की बात कही। साथ ही राष्ट्र निर्माण के भाव को जागृत करने को कहा। मैं की प्रवृत्ति से निकलकर हम की प्रवृत्ति को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### तकनीक को असिस्टेंट की तरह इस्तेमाल करें: प्रो. सिंह

विशिष्ट अतिथि आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टीएन सिंह ने छात्रों से तकनीक का सोच समझकर इस्तेमाल करने की बात कही। तकनीक को एक असिस्टेंट की तरह इस्तेमाल करने को कहा ना कि एक मास्टर की तरह। साथ ही उन्होंने समस्या के समाधान के लिए विदेशी मॉडल की जगह देशी मॉडल को डेवलप करने की बात कही।

### सिर्फ कर्मचारी नहीं बनें, अपने काम से पहचान बनाएं : भगत

पद्मश्री अशोक भगत ने अपने जीवन की वास्तविकता को समझते हुए उनसे सीखने की बात कही। सिर्फ कर्मचारी नहीं बने, बल्कि अपने काम से अपनी पहचान बनाएं। शोभायात्रा का नेतृत्व ट्रिपल आईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त) व निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने किया।

### बोले गोल्ड मेडलिस्ट

**• प्रखर श्रीवास्तव: डेटा इंजीनियर हूं**



मुझे कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी बीटेक बैच 2020-24 में गोल्ड मेडल मिला है। जब एडमिशन लिया था तब लगभग डेढ़ साल तक कोविड के कारण पढ़ाई पर असर पड़ा। बाद में अच्छे से पढ़ाई की और आज डेटा इंजीनियर हूं।

**• नैतिक मिश्रा: कैंपस प्लेसमेंट हुआ**



इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन में 4 सालों में बहुत कुछ सीखा। इस दौरान संस्थान के सभी प्रोफेसर का पूरा सहयोग मिला। अभी बैंगलोर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूं। कैंपस प्लेसमेंट में यह जॉब मिली।

**• हिमाश्री साह: सर्वश्रेष्ठ छात्रा बनी**



बीटेक बैच 2020-24 में सर्वश्रेष्ठ छात्रा का सम्मान मिला है। हमारा यह संस्थान बहुत पुराना नहीं है, यहां एडमिशन लेने के बाद कई क्लब की शुरुआत की, कई सारे इवेंट कराए। अभी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हूं।

**Dainik Bhaskar: 30 Decemeber, 2025**

## Digital Links:

**Hamar Jharkhand News:** https://www.youtube.com/watch?v=RqIRKA8FisY
**Prabhat Khabar:** https://www.youtube.com/watch?v=L3K8G5dMhpE
**Prabhat Khabar:** https://www.facebook.com/reel/812149238447220
**Prabhat Khabar:** https://www.facebook.com/reel/1181683894079180
**Jagaran:** https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-iiit-ranchi-convocation-370-students-receive-degrees-40089708.html?utm
**Hindustan:** https://www.livehindustan.com/career/iiit-ranchi-convocation-2025-union-minister-sanjay-seth-to-award-degrees-to-370-students-201766892927693.html?utm